





# खरीदी केन्द्रों में बारदाने के संकट से थम जाएगी गेंहू की खरीदी

## जिले के 76 खरीदी केन्द्रो में हो रहा उपार्जन, अब तक 4119 किसानों से 11522 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, जिले में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानो से गेंहू की खरीदी की जा रही है. खरीदी शुरू होने के तीन दिन तक कई खरीदी केन्द्रो का खाता नही खुला. उसके बाद धीरे-धीरे केन्द्रो में खरीदी शुरू हुई. अब तक 4119 किसानों से 11522 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है.**



लेकिन शुक्रवार से खरीदी प्रभावित हो सकती है. कई केन्द्रो में बारदाना न होने के कारण खरीदी बंद हो सकती है. दरअसल बारदाना जितना दिया गया था उसका उपयोग हो चुका है और अधिकांश केन्द्रो में बारदाना नही बचा है. लिहाजा शुक्रवार से खरीदी पर ब्रेक लग सकता है. हालाकि कई खरीदी केन्द्रो में अभी बारदाना है. तमाम अव्यवस्थाओं के बीच गेंहू की खरीदी शुरू हुई है. किसानो के बैठने एवं पेयजल तक की व्यवस्था खरीदी केन्द्रो में नही है. इस भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे किसान बैठने को विवश है. सवाल यह है कि जब खरीदी को लेकर तैयारी पहले से चल रही थी तो फिर बारदानो की व्यवस्था आखिर क्यो नही की गई. बारदाना न होने के कारण खरीदी पर हर बार असर पड़ता है. पिछले बार भी कई जगह केन्द्रो में बारदाना नही पहुंचा था जिसके कारण खरीदी प्रभावित हुई थी. किसान स्लाट तो बुक कर लिये है लेकिन जब खरीदी केन्द्रो में बारदाना नही रहेगा तो फिर तौल भला कैसे होगी. बुधवार को कलेक्टर ने गेंहू खरीदी को लेकर समीक्षा की थी, जिसमें तमाम निर्देश दिये गये थे पर जमीनी हकीकत कुछ और ही है.

पानी छाया की व्यवस्था तक नही है. प्रशासन भले ही सभी केन्द्रो में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध होने का दावा कर रहा है पर जमीनी हकीकत है कि अधिकांश खरीदी केन्द्रो में बारदाने का टोटा हो गया है जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 15708 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं. उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं. उपार्जन के लिए जिले में 47902 किसानों ने पंजीयन कराया है.

### शादी-ब्याह में फंसे है अभी किसान

15 अप्रैल से गेंहू की खरीदी जिले के 76 केन्द्रो में शुरू हो गई है. पहले के तीन दिन गेंहू की आवक कही भी नही हुई उसके बाद खरीदी शुरू हुई. कछुआ गति से खरीदी चल रही है किसान अपना-अपना स्लाट बुक कर रहे है. दरअसल अभी किसान शादी ब्याह में फसे हुए है इसके साथ ही अधिकांश जगह अभी कटाई और गहाई चल रही है. जैसे ही दस दिन बाद कटाई-गहाई से किसान फुर्सत होगे और शादी-ब्याह से राहत मिलेगी तो खरीदी केन्द्रो में तेजी से भीड़ बढ़ेगी, अभी उतनी भीड़ नही पहुंच रही है. उम्मीद है कि 10 मई के बाद खरीदी केन्द्रो में भीड़ होगी अभी बारदाने की जो आपूर्ति है बहुत कम है, बारदाना न होने से कई केन्द्रो में खरीदी की स्थित बिगड़ सकती है.




# निगम आयुक्त ने अतिक्रमणकारियों को दिया दो दिन का अल्टीमेटम, चलेगा बुल्डोजर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, रीवा नगर निगम के नवागत कमिश्नर अक्षत जैन पदभार ग्रहण करते ही मैदान में उतरकर मोर्चा संभाल लिया है. नए निगम आयुक्त के द्वारा आज पहला भ्रमण शहर के अमहिया मार्ग का किया गया.**

यहां अस्पताल चौराहे से सिरमौर चौराहे तक भ्रमण करते हुए मार्ग चौड़ीकरण में आने वाली बाधाओं को सोमवार तक दूर करने के लिए आयुक्त के द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है. हालाकि निगम आयुक्त के द्वारा व्यापारियों से भी चर्चा की गई इस दौरान जो व्यापारी दुकान के बाहर सामान रखकर व्यापार कर रहे हैं उन्हें भी दो दिन में सुधार करने का अल्टीमेटम दिया गया है. नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 2 दिन के बाद कोई सुनवाई नहीं होगी, वही अतिक्रमण की चपेट में आने वाले व्यापारियों की समस्या को सुनने के बाद उसके निराकरण के लिए भी विचार करने की बात कही गई है. इसके अलावा सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक व्यापारियों के साथ संवाद करने के बाद ऐसे व्यापारियों के लिए भी विकल्प तैयार किए जा रहे हैं जिनकी दुकान अतिक्रमण की चपेट में आ रही है. हालांकि इस दौरान नगर निगम आयुक्त ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण का जो प्रोजेक्ट है वह सुचारू रूप से चलाया जाएगा. दरअसल तत्कालीन नगर निगम आयुक्त का तबादला होने के बाद कुछ दिनों के लिए कार्यवाही रोकी गई थी, लेकिन एक बार फिर मार्ग चौड़ीकरण का कार्य जल्द प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए सोमवार तक दुकानदारों को अपने आप से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं. इसके बाद कार्यवाही की जाएगी.

# तालाब में मिट्टी खुदाई के दौरान श्रमिक की मौत, जेसीबी मालिक पर आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, तालाब की मिट्टी खुदाई के दौरान हुये हादसे में काम कर रहे मजदूर की मौत हो गई.**

हादसा बुधवार को बिछिया थाना क्षेत्र में स्थित कोठी तालाब का है, यहां मजदूर की हुई मौत के बाद परिजनों में आक्रोश है और उन्होंने खुदाई कार्य में लगी जेसीबी के मालिक को मौत का जिम्मेदार ठहराया है और कार्यवाही की मांग की है. फिलहाल आक्रोशित परिजनों ने बुधवार को शव का पीएम करानें से इंकार कर दिया था, जिसके बाद आज एक बार फिर पुलिस आक्रोशित परिजनों को समझाइस देने का प्रयास कर रही है. आरोप है कि हादसे के बाद जेसीबी मालिक नें किसी को सूचना दिये बगैर शव को अस्पताल की मर्चुरी में शिफ्ट करा दिया था और घटना की जानकारी परिजनों को घंटो बाद हुई. दरअसल मामला शहर के बिछिया थाना क्षेत्र का है जहां कोठी तालाब में मिटटी खुदाई के दौरान काम कर रहे रोहित पटेल नामक श्रमिक की मौत हो गई. हालाकि घटना को लेकर तरह तरह की बात सामनें आ रही है, जिसमें कोई जेसीबी की चपेट में आने से मौत होना बता रहा है तो कोई मिटटी में दबने से मौत बता रहा है. फिलहाल श्रमिक की मौत के खबर मिलने के बाद परिजनों में आक्रोश है और वह जेसीबी मालिक को उसकी मौत का जिम्मेदार ठहरा रहे है. आरोप है कि काम के दौरान हुये हादसे के बाद जेसीबी मालिक ने बिना किसी को सूचना दिए श्रमिक को अस्पताल पहुंचाया.


# सैनिक स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता कल से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, सैनिक स्कूल रीवा में अंतर्विद्यालयीन फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक किया जायेगा.**

यह आयोजन विद्यालय की खेल उत्कृष्टता एवं सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की प्रतिबद्धता का परिचायक है.उक्त प्रतियोगिता में मेज़बान विद्यालय सहित कुल छह संस्थान भाग लेंगे, जिनमेंसैनिक स्कूल अमेठी, एस वी एम मंदसौर, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, श्री हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर, सैनिक स्कूल मैनपुरी तथासैनिक स्कूल रीवा सम्मिलित हैं. इस प्रतियोगिता में लगभग 225 प्रतिभागियों के भाग लेने की अपेक्षा है. प्रतियोगिता का आयोजन गर्ल्स एवं बॉयज दोनों वर्गों में किया जाएगा.

## संक्षिप्त



### किसान सुब्रत ने सौंपा मांग पत्र

**रीवा,** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष सदस्य किसान सुब्रत ने ललितपुर सिगरौली रेल लाईन के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानो को उनके आश्रितो नौकरी की बन्द प्रक्रिया को शुरू करने रीवा रेलवे स्टेशन मे सुविधाओ को बढाने मांग पत्र सौपा. रीवा सांसद एवं एडीआरएम पश्चिम मध्य रेलवे को ज्ञापन सौप कर कार्यवाही की मांग की है. किसान सुब्रत ने कहा कि रेलवे स्टेशन के उद्घाटन से लेकर समय समय पर लगातार किसानो कि माग रही है कि रीवा से मुम्बई रेल गाडी चलायी जाय. जिसके लिये बधाई दी है. रीवा से हरिद्वार कई बरसों से मांग करते रहे है कि एक नियमित रेल गाडी चलाई जाय जिससे इस पूरे विन्ध्य के लोगो की चारो धाम यात्रा सुगम हो जायेगी. वही रीवा से अयोध्या धाम के लिए रेल गाडी चलाई जाय. रीवा से पुरी, रीवा से रामेश्वरम, रीवा से पटना एव रीवा से प्रयागराज के लिए नियमित इन्टर सिटी चलाने की मांग की है. रीवा सीधी सिंगरौली नई रेल लाईन परियोजना के अन्तर्गत अधिग्रहीत भूमि के एवज में पात्र आश्रितो को रेलवे में नियुक्ति दिए जाने के सम्बन्ध में आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन एवं पेपर स्क्रीनिंग मेडिकल जांच तथा नियुक्ति की कार्यवाही की की.

### शराब पीकर गाड़ी चलाना पड़ा भारी

**रीवा,** बीती रात्रि शराब पीकर महिन्द्रा स्कार्पियो क्रमांक एमपी 53 डी 0672 का चालक दिवाकर कुशवाहा पिता केदार प्रसाद कुशवाहा उम्र 26 वर्ष को शराब पीकर गाड़ी चलाना भारी पड़ा. थाना अमहिया में गाड़ी जप्त कर न्यायालय में पेश किया जाएगा.

### समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कल आएगे

**रीवा,** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव एवं पूर्व विधायक सपा डॉ. सुनीलम 25 अप्रैल को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंच रहे हैं. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों वरिष्ठ नेता रीवा आगमन के पश्चात दोपहर 2:00 बजे स्थानीय राज निवास में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे, जिसमें संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा. बैठक के उपरांत दोनों नेता रीवा में ही रात्रि विश्राम करेंगे. इसके पश्चात 26 अप्रैल को वे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे.

### पीड़ित ने हनुमना पुलिस पर लगाया आरोप

**हनुमना,** घर में चोरी व मारपीट की नियत से पहुंचे चोर को पकड़े जाने के बावजूद उल्टे पीड़ित के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई. पूरा मामला हनुमाना थाना क्षेत्र के ग्राम अटरिया का है. उल्लेखनीय है कि ग्राम अटरिया थाना हनुमना में 17 अप्रैल को अशोक पटेल के घर में चोरी और मारपीट की नीयत से मुकेश पटेल निवासी अटरिया ने घर में घुस कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. घर के छत पर सो रहे परिजनों ने जब आवाज सुनकर नीचे देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था जेवर और नगदी गायब थे. उस समय दो लोग भाग गए और तीसरा मुकेश पटेल को पकड़ लिया गया. मुकेश पटेल के हाथ से कुल्हाड़ी बरामद की गई हल्ला गुहार सुनकर पड़ोस के लोग पहुंचे और झीना झपटी हुई. पुलिस को फोन किया गया हनुमना पुलिस मौके पर पहुंची और कुल्हाड़ी जप्त की. किंतु आरोप है कि एफआईआर में कुल्हाड़ी जप्ती की बात नहीं लिखी गई और ना ही चोरी की. जबकि मामला चोरी का है हनुमना पुलिस ने एफआईआर में मारपीट का मामला दर्ज किया है. फरियादी अशोक पटेल ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर जांच के साथ चोरी की वारदात को एफआईआर में शामिल करने मांग की है.

# आबकारी पुलिस ने शराब के साथ आरोपी को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, रीवा जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा सुबह गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटरा में एक घर में दबिश देते हुए 12 पेटियों में तकरीबन 56 लीटर से ज्यादा शराब जप्त की गई है.**

साथ ही मामले में टीम ने आरोपी को भी गिरफ्तार किया है. मिली जानकारी के मुताबिक जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन के निर्देश पर आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह ठाकुर और नेहा प्रजापति सहित स्टाफ ने मिलकर आज सुबह गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटरा निवासी राजेंद्र जैसवाल उम्र 45 वर्ष के घर में दबिश दी. इस दौरान आबकारी टीम द्वारा 12 पेटियों में रखी हुई देसी और अंग्रेजी शराब जप्त की गई है. बताया गया है की कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम के हाथ यूपी की भी शराब लगी है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 56 लीटर से ज्यादा शराब आरोपी के कब्जे से जप्त की है.

# भीषण गर्मी के चलते प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिये आज से अवकाश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, आसमान से इस समय आग बरस रही है अप्रैल के महीने में भीषण गर्मी और गर्म हवाओ ने जन जीवन प्रभावित किया है.**



बढ़ते तापमान और लू के खतरे को देखते हुए कलेक्टर ने कक्षा 1 से लेकर 5 वीं तक के विद्यार्थियों के लिये 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया है. वही कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है. प्रशासन के अनुसार 19 अप्रैल को तापमान 43 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया था. आने वाले दिनो में भीषण गर्मी की संभावना जताई गई है जिससे छोटे बच्चो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. इसी को ध्यान में रखते हुए अवकाश का निर्णय लिया गया है. कलेक्टर द्वारा जारी आदेश सभी प्रकार के स्कूलो पर लागू होगा, चाहे केन्द्रीय विद्यालय हों, शासकीय विद्यालय हों चाहे सीबीएसई हो. गौरतलब है कि इस समय तेज धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है हालत यह है कि सुबह से ही घर से निकलना मुश्किल होता है और दोपहर सड़को पर सन्नाटा रहता है. शाम को ही लोग घरों से बाहर निकलते है. अभी जिस तरह से गर्मी पड़ रही है आने वाले दिनो में तापमान और तेजी से बढ़ेगा. गुरूवार को दिन का अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 42 डिग्री रहा. लगातार तापमान बढ़ रहा है हालत यह है कि अभी तक रात में राहत थी लेकिन अब रात में गर्मी का असर दिखने लगा है.

# शराब ठेकेदार के गुर्गों को ग्रामीणों ने खदेड़ा, शराब बेचने बना रहे थे दबाव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बदवार गांव में गुरुवार को शराब ठेकेदार के गुर्गों द्वारा एक आदिवासी युवक पर जबरन अवैध शराब बेचने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है.**

आरोप है की बोलेरो सवार लोगों ने युवक के घर पहुंच कर उस पर शराब बेचने का दबाव बनाया बल्कि विरोध करने पर उसे डराया और धमकाया भी. हालांकि युवक ना तो उनके दबाव में आया और ना ही भयभीत हुआ बल्कि उसने उल्टा वीडियो बनाना शुरु कर दिया जिस दौरान वह अपना चेहरा छुपा कर भाग खड़े हुए. फिलहाल इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसके सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और वह प्रशासन से निस्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार बीते दिवस गुढ़ समूह के शराब ठेकेदार से जुड़े कुछ लोग एक बोलेरो वाहन से बदवार गांव पहुंचे. आरोप है कि यह लोग सीधे एक स्थानीय आदिवासी युवक के घर गए और उसे अपने क्षेत्र में अवैध शराब बेचने के लिए मजबूर करने लगे. हालांकि इस दौरान युवक ने हिम्मत दिखाते हुए ना सिर्फ विरोध किया, बल्कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया. वीडियो में युवक को स्पष्ट रूप से आरोप लगाते हुए सुना जा सकता है कि ठेकेदार के लोग उसे पर अवैध शराब बेचने का दबाव बना रहे है. इस दौरान जैसे ही युवक ने कैमरा उनकी ओर घुमाया तो वह अपनी पहचान छुपाने के लिए चेहरा ढकने लगे और तुरंत मौके से बोलेरो वाहन में सवार होकर फरार हो गए. ग्रामीणों का आरोप है कि शराब ठेकेदार के कर्मचारी लोगो पर अवैध शराब बेचने का दबाव बनाते है.

# बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, पति-पत्नी घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौर के समीप बोलेरो और बाइक की हुई सीधी टक्कर में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा है.**

वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो सहित चालक को पकड़ लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है. मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम संसारपुर निवासी अवनीश पटेल पत्नी दया कुमारी को बाइक से लेकर उपचार करने बैकुंठपुर की ओर जा रहे थे. इसी दौरान जैसे वह ग्राम सौर के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही बोलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी सड़क से दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया और घटना की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो सहित चालक को पकड़ लिया.

# सुपर अस्पताल में आयुष्मान, ईसीएचएस और एबीडीएम के नए एकीकृत कार्यालय प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र में सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने मरीजों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आयुष्मान कार्यालय को आधुनिक एकीकृत केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया है.**

अब आयुष्मान भारत, ईसीएचएस और एबीडीएम (डिजिटल मिशन) की सभी सेवाएं एक ही काउंटर में उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को अलग-अलग काउंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे. अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि पुराने काउंटरों की जगह अब आधुनिक काउंटर बनायें गये हैं. यहां सभी विभागों के आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए कार्ड वेरिफिकेशन से लेकर क्लेम प्रोसेसिंग तक की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी. सेना के रिटायर्ड जयानों और उनके परिवारों के लिए ईसीएचएस के समन्वय से एक समर्पित विंग बनाई गई है.

# दूषित पानी की शिकायत में मौके पर पहुंचे महापौर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, वार्ड क्रमांक 16 आजाद नगर में दूषित पानी की शिकायत मिलने पर महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने स्थल पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वार्ड के कुछ घरों के लोगों द्वारा नाली में ही बोर करवा लिया गया है. वाटर लेवल कम होने एवं केसिंग से लीकेज की समस्या उत्पन्न होने से गंदा पानी एकत्रित हो रहा है और दुर्गंध की स्थित बन रही है.महापौर ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्या के निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही से आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. साथ ही उन्होंने नाली में बोर करने वाले दोषियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश दिया कि जल प्रदाय की टीम ऐसे शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करे. महापौर ने तब तक वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए क्षेत्र में टैंकर से जल आपूर्ति की व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि लापरवाही पर जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए. इस अवसर पर एमआईसी सदस्य रवि तिवारी, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह मौजूद रहे.

# विशेष सम्मिलन में प्रस्ताव का कांग्रेस ने किया बहिष्कार, भाजपा पार्षदों ने किया पारित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अप्रैल, नगर पालिक निगम रीवा का 18वाँ विशेष सम्मिलन गुरुवार को परिषद सभाकक्ष में निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में एवं आयुक्त अक्षत जैन को उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.**



विशेष सम्मिलन में प्रमुख रूप से 'नारी शक्ति वंदन' पर चर्चा एवं समर्थन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया. एजेंडे को लेकर कांग्रेस ने खुद को अलग रखते हुए बहिष्कार किया. कोई भी कांग्रेसी पार्षद नही पहुंचे. भाजपा पार्षदो ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया. इस दौरान पार्षद श्रीमती वंदना सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है. हम सदन के माध्यम से इस प्रस्ताव का समर्थन करते हैं. पार्षद श्रीमती ज्योति सिंह ने कहा कि नारी साहस, प्रेम और समाज की नींव है. जिस प्रकार महिलाएं घर को कुशलता से संभालती हैं, उसी प्रकार वे देश को भी सशक्त रूप से संभाल सकती हैं और आज बड़े पदों पर अपनी भूमिका निभा भी रही हैं. यह प्रस्ताव अत्यंत सराहनीय है और इसका लागू होना आवश्यक है. इसके साथ ही दीनानाथ वर्मा ने विकसित भारत में महिलाओं की भागीदारी को समाज के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया, विस्तृत रूप से अधिनियम के समर्थन में अवगत कराया. चर्चा, सुझाव उपरांत सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया. एक प्रस्ताव रखा गया था जिसमें केवल भाजपा के पार्षद पहुंचे और पारित किया, कांग्रेस ने खुद को अलग रखा.